## प्रीमियम पेट्रोल 2.35 रुपए महंगा, आम पेट्रोल अगला निशाना

वैश्विक जंग का असर

# शहरवासियों की जेब पर वार

मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल का सीधा असर अब जबलपुर की सड़कों पर दिखने लगा है।

**जबलपुर।** शुक्रवार सुबह 6 बजे से तेल कंपनियों ने नई दरें लागू कर दीं, जिनमें प्रीमियम पेट्रोल के दामों में 2.35 रुपए तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सामान्य पेट्रोल फिलहाल 106.56 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है, जबकि डीजल 91.95 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर है। हालांकि बढ़ोतरी फिलहाल पावर और स्पीड जैसे प्रीमियम वेरिएंट में हुई है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि यह संकेत है—आने वाले दिनों में सामान्य पेट्रोल भी महंगा हो सकता है।

जबलपुर में ईंधन कीमतों में बदलाव का असर केवल निजी वाहन चालकों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि ऑटो, टैक्सी, मालवाहक वाहनों और लॉजिस्टिक्स सेक्टर पर भी पड़ता है। स्थानीय वाहन चालकों का कहना है कि पहले ही रोजमर्रा के खर्च बढ़े हुए हैं, ऐसे में पेट्रोल की हर बढ़ोतरी बजट बिगाड़ देती है। ऑटो संचालकों ने संकेत दिए हैं कि सामान्य पेट्रोल महंगा हुआ तो किराए में संशोधन करना पड़ सकता है।

### महंगाई की आहट

पेट्रोल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ने की आशंका है। मालवाहक कंपनियों का कहना है कि यदि ईंधन दरें ऊंची रहीं तो भाड़ा बढ़ाया जा सकता है। इसका असर फल, सब्जी और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर दिख सकता है। आर्थिक जानकारों का यह भी कहना है कि मध्य प्रदेश में अपेक्षाकृत अधिक वैट के कारण भी पेट्रोल की कीमतें ऊंची रहती हैं। ऐसे में वैश्विक उछाल का प्रभाव यहां और ज्यादा महसूस होता है।

### राहत के आसार नहीं

विशेषज्ञों के अनुसार, जब तक कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे नहीं आता और रुपये की स्थिति मजबूत नहीं होती, तब तक राहत की संभावना कम है। फिलहाल तेल बाजार की नजर मध्य-पूर्व के घटनाक्रम पर टिकी है। स्पष्ट है कि हजारों किलोमीटर दूर चल रहे वैश्विक तनाव का असर अब जबलपुर की आम जनता की जेब पर पड़ रहा है। प्रीमियम पेट्रोल की बढ़ोतरी एक चेतावनी संकेत है अगर हालात नहीं सुधरे, तो सामान्य पेट्रोल भी जल्द महंगा हो सकता है।



### क्यों बढ़ रहे दाम

गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 112 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने तेल आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता बढ़ा दी है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी ने आयात लागत बढ़ा दी है। ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार, भारत अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में वैश्विक बाजार में हलचल का असर सीधे घरेलू कीमतों पर पड़ता है। जब अंतरराष्ट्रीय कीमतें 100 डॉलर से ऊपर स्थिर रहती हैं, तो तेल कंपनियां धीरे-धीरे खुदरा दरों में संशोधन शुरू करती हैं।

## रेप के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय नाबालिग स्कूल छात्रा के साथ डरा धमकाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस मामलें में प पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बेलखेड़ा थाना प्रभारी लवकेश उपाध्याय ने बताया कि बेलखेड़ा निवासी 11वीं कक्षा की छात्रा की पहचान करीब एक साल पहले आदिल खान नामक युवक से हुई थी। आरोपी ने दोस्ती की आड़ में छात्रा का भरोसा जीता और फिर उसे अपनी हवस का शिकार बनाया। बीते 30 दिसंबर को आदिल ने उसे स्कूल के पीछे बुलाया था। वहां आरोपी उसे जबरदस्ती एक सूने कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले का खुलासा तब हुआ जब हाल ही में छात्रा का स्वास्थ्य बिगड़ा और उसे डॉक्टर के पास ले जाया गया, परीक्षण के दौरान पता चला कि वह दो माह की गर्भवती है। घर पर कड़ाई से पूछने पर पीड़िता ने आरोपी आदिल खान की पूरी करतूत बयां कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया और उसे जेल भेज दिया।

चीफ जस्टिस के आदेश पर मामला जस्टिस विवेक अग्रवाल की बेंच में नियत किया गया

## सुको के निर्देश पर हाईकोर्ट में शुरू हुई सोम डिस्लरीज के मामले की सुनवाई

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद शुक्रवार को मप्र हाईकोर्ट में सोम डिस्टिलरीज के मामले में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं और सरकार ने अपनी-अपनी दलीलें पेश कीं। समयाभाव के कारण सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने अगली सुनवाई 23 मार्च को नियत की है। गौरतलब है कि इससे पहले जस्टिस विशाल मिश्रा और जस्टिस संदीप एन भट्ट की एकलपीठों ने मामले पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। इसके बाद चीफ जस्टिस के आदेश पर मामला जस्टिस विवेक अग्रवाल की बेंच में नियत किया गया।

दरअसल, मध्य प्रदेश सरकार ने 4 फरवरी को शराब कंपनी सोम डिस्टिलरीज का लाइसेंस रद्द कर दिया था। जिसको लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। तत्कालीन आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने सोम डिस्टिलरीज के सभी लाइसेंस निलंबित कर दिए थे। रायसेन जिले में स्थित सोम डिस्टिलरीज एंड ब्रेवरीज लिमिटेड और मेसर्स सोम डिस्टिलरीज प्रा. लि. का लाइसेंस आबकारी आयुक्त ने सस्पेंड कर दिया है। तत्कालीन आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार कंपनियों के संचालक, प्रतिनिधि, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अपर सत्र न्यायालय, देपालपुर जिला इंदौर के एक प्रकरण में पारित निर्णय के आधार पर कार्रवाई की गई थी। इसमें कहा गया है कि उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर द्वारा संबंधित आपराधिक अपीलों में सजा के क्रियान्वयन पर रोक लगाई गई है, लेकिन दोषसिद्धि अभी भी प्रभावी है।

कर्मचारियों का पीएफ रोकने वाले कंपनी मालिक को नहीं मिली राहत

## पैसा जमा कर देने से अपराध खत्म नहीं हो जाता

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बीपी शर्मा की एकलपीठ ने कर्मचारियों के भविष्य निधि से संबंधित एक मामले में गड़बड़ी करने वाले नियोक्ताओं के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए अपने आदेश में स्पष्ट कहा कि बाद में पैसा जमा कर देने से अपराध खत्म नहीं हो जाता और ऐसे मामलों में मुकदमा जारी रहेगा। इस मत के साथ ही न्यायालय ने भोपाल की सिक्योरिटी कंपनी के मालिक की ओर से दायर 34 याचिकाएं एक साथ खारिज कर दीं।

यह पूरा मामला भोपाल के एमपी नगर स्थित मे. एमपी सिक्योरिटी फोर्स कंपनी से जुड़ा है, जिसके मालिक एलएल सोनी हैं। उन पर आरोप है की कर्मचारियों के वेतन से 2008 से 2012 की अवधि में कर्मचारियों के भविष्य निधि की राशि काटी गई लेकिन यह राशि सरकारी खाते में जमा नहीं कराई गई। इस पर रीजनल प्रोविडेंट फंड कमिश्नर कार्यालय के एन्फोर्समेंट ऑफिसर द्वारा उनके खिलाफ भोपाल की अदालत में परिवाद दाखिल किया गया था। इसी मामले में याचिकाकर्ता कंपनी मालिक ने उच्च न्यायालय की शरण ली थी। कंपनी मालिक की ओर से सुनवाई के दौरान दलील दी गई कि उसने विवादित 1.76 करोड़ की राशि जमा कर दी है, इसलिए उसके खिलाफ चल रहे सभी मुकदमों को खारिज किया जाएँ। मामले में एन्फोर्समेंट ऑफिसर की ओर से अधिवक्ता अभिषेक अरजरिया और राहुल चौरसिया ने दलील दी कि कई मामलों में गवाही शुरू हो चुकी है, कुछ मामलों में ट्रायल अंतिम चरण में है। यही नहीं कुछ मामलों में तो सुनवाई पूरी भी हो चुकी है। ऐसे में केवल पैसा जमा करने के आधार पर मुकदमा खत्म करना गलत होगा।

उभय पक्षें को सुनने के बाद एकलपीठ नेक अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि "यदि बाद में पैसा जमा करने पर मुकदमे खत्म किए जाएं, तो मालिक जानबूझकर कर्मचारियों का पैसा रोकना शुरू कर देंगे।"एकलपीठ ने यह भी स्पष्ट किया समय पर पीएफ जमा न करना स्वयं में अपराध है। बाद में भुगतान करने से अपराध समाप्त नहीं होता। याचिकाकर्ता के खिलाफ प्रथम दृष्टया अपराध बनता है। इस मत के साथ न्यायालय ने कंपनी मालिक को किसी तरह की राहत देने से इनकार करते हुए सभी 34 याचिकाएं खारिज कर दीं। इसके साथ ही न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया कि मामले की सुनवाई जल्द से जल्द पूरी की जाए।

## एक्टीवा की डिक्की में रखा मेडिकल छात्र का टैब चोरी

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत मेडिकल कॉलेज में खड़ी एक्टिवा की डिक्की में रखा एमबीबीएस के छात्र का टैब अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। चोरी गए टैब की कीमत 20 हजार रुपए की बताई गई है। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ा मोहल्ला बरखेड़ी थाना जहांगीराबाद भोपाल निवासी 24 वर्षीय कुनाल यादव वर्तमान में जसूजा सिटी धनवंतरीनगर संजीवनीनगर में रहकर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। गत शाम लगभग 7 बजे कुनाल यादव संग्राम सागर बाजनामठ घूमने आया और अपनी एक्टिवा क्रमांक एमपी 04 यूएल 1766 की डिक्की में जियोमी कम्पनी का टेबलेट रखा था। वह तालाब से वापस मेडिकल कॉलेज आया गाड़ी मेडिकल कॉलेज में खड़ी कर मेडिकल कॉलेज की लायब्रेरी में गया और फिर गाड़ी की डिक्की खोलकर देखा तो डिक्की में रखा टैब अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

मुद्दों की कसौटी पर 36 उम्मीदवार मैदान में

## रादुविवि कर्मचारी संघ चुनावः मतदान 25 को

हरिभूमि जबलपुर।

रानी दुर्गावति विश्वविदयालय के शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के चुनाव इस बार केवल पदों की प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कर्मचारियों के लंबित मुद्दों और अधिकारों की बहाली का सवाल भी केंद्र में है। 25 मार्च को होने वाले मतदान में अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए 36 उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव प्रक्रिया ने विश्वविद्यालय परिसर में गतिविधियों को तेज कर दिया है। अध्यक्ष पद पर प्रेम प्रकाश पुरोहित, संजय यादव और वीरेन्द्र सिंह के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। तीनों प्रत्याशी कर्मचारियों के हितों, पदोन्नति प्रक्रिया में पारदर्शिता, वेतन विसंगतियों के निराकरण और प्रशासन के साथ संवाद मजबूत करने जैसे मुद्दों को अपने एजेंडे में प्रमुखता दे रहे हैं। कर्मचारियों के बीच यह चर्चा है कि आगामी कार्यकारिणी को लंबित सेवा संबंधी प्रकरणों के समाधान की दिशा में ठोस पहल करनी होगी।



### अवकाश के बीच घर-घर संपर्क

चुनाव प्रचार के दौरान अवकाश के चार दिन आने से रणनीति में बदलाव किया गया है। प्रत्याशी 22 मार्च तक कर्मचारियों के घरों तक पहुंचकर व्यक्तिगत संपर्क कर रहे हैं। इसके बाद 23 और 24 मार्च को विश्वविद्यालय परिसर में औपचारिक प्रचार अभियान चलाया जाएगा। इस बार व्यक्तिगत संवाद और भरोसे की राजनीति को निर्णायक माना जा रहा है।

### अन्य पदों पर भी बहुकोणीय मुकाबला

उपाध्यक्ष पद के लिए छह उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि महासचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष पदों पर भी एक से अधिक दावेदार चुनावी समर में हैं। कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए 15 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्वाचन अधिकारी प्रो. राकेश वाजपेई ने अंतिम सूची जारी कर दी है।

### कर्मचारियों की अपेक्षाएं ज्यादा

विश्वविद्यालय के कर्मचारियों का कहना है कि नई कार्यकारिणी से वे समयबद्ध पदोन्नति, सेवा शर्तों में सुधार, स्थानांतरण संबंधी स्पष्ट नीति और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की अपेक्षा रखते हैं। पिछले कार्यकाल के अनुभवों को देखते हुए इस बार मतदाता उम्मीदवारों के वादों के साथ उनकी कार्यशैली और सक्रियता को भी परख रहे हैं।

## रसोई गैस कालाबाजारी और अवैध भंडारण की सूचना देने वालों को मिलेगा पुरस्कार

**जबलपुर।** वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुये रसोई गैस सिलेंडारों के दुरुपयोग एवं कालाबाजारी को रोकने जिला प्रशासन द्वारा सूचना देने वाले व्यक्ति को जप्त सिलेंडरों की अनुमानित लागत की 25 प्रतिशत राशि पुरस्कार स्वरूप देने की घोषणा की है। कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के प्रभारी अधिकारी एवं एलपीजी नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र अहके के अनुसार जिले में रसोई गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण रोकने प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि जो भी व्यक्ति गैस सिलेण्डरों की ब्लैक मार्केटिंग अथवा अवैध भंडारण या व्यापार होने से संबंधित सूचना देगा तथा सूचना सही पाई जाने पर उस व्यक्ति को जप्तशुदा राजसात गैस सिलेण्डरों की अनुमानित राशि का 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम राशि रूपये पाँच हजार रूपये से पुरस्कृत किया जायेगा। संयुक्त कलेक्टर के मुताबिक सूचना देने वाले व्यक्ति की जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी। रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी या अवैध भंडारण की सूचना एलपीजी के नोडल अधिकारी को मोबाइल नम्बर 88780 38092 पर अथवा कंट्रोल रूम के मोबाइल नम्बर 95843 19092 पर कॉल कर या व्हाटसएप पर मैसेज के माध्यम दी जा सकती है।

सौंदर्यीकरण और जल संरक्षण पर दिया जोर

## तंग गलियों और बस्तियों में घूमे निगमायुक्त

हरिभूमि जबलपुर।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शुक्रवार की सुबह संभाग क्रमांक 8 भानतलैया के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल मुख्य मार्गों, बल्कि बस्तियों और संकरी गलियों में पैदल भ्रमण कर सफाई, पेयजल आपूर्ति और अधोसंरचना विकास कार्यों की बारीकी से जानकारी ली।



निगमायुक्त ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किये।

### पार्कों का कायाकल्प और वाटर हार्वेस्टिंग

वार्डों के भ्रमण के पश्चात निगमायुक्त गांधी भवन उद्यान एवं संगम कॉलोनी स्थित 'दादा-दादी पार्क' पहुँचे। उन्होंने उद्यानों के रखरखाव पर संतोष व्यक्त करते हुए इनके सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाते हुए उन्होंने पार्कों में सोकपिट बनाने के निर्देश दिए, जिससे वर्षा जल का संचयन हो सके और भू-जल स्तर में सुधार आए। इस अवसर पर

### जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी

इस निरीक्षण के दौरान पार्षद श्रीमती अनीता जाट एवं पूर्व पार्षद सतवीर जाट के साथ अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, अनिल बारी, पोला राव, संभागीय यंत्री पंकज अवस्थी, अनुराग पाठक, दीप्ति भानरिया, अमन तिवारी,सभी मुख्य स्वच्छता निरीक्षक आदि भी साथ रहे।

### शहर के विकास को मिलेगी गति

निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार द्वारा अमृत फेस-1 और फेस-2 जल प्रदाय योजना सहित शहर में चल रहे विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि शहर के विकास में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी।

### सड़क एवं पुलिया निर्माण

उन्होंने कहा कि शहर की आंतरिक सड़कों, पुलियों और नाला-नालियों के निर्माण कार्य में गति लाई जाए। निगमायुक्त ने कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।"


## सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी पर कार्रवाई

**जबलपुर।** सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी करने वालों की अब खैर नहीं हैं। शहर के सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने व पिलाने वालों पर जबलपुर पुलिस ने 26 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसके साथ ही समय बदल बदल कर चैकिंग प्वाइंट लगाकर यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है।

पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान पिछले 24 घंटों में आदतन अपराध करने वाले 27 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 131 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 29 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 3 गैरम्यादी, 5 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है एवं 30 जमानती वारंट तामील किये गये तथा सार्वजनिक स्थान पर शराब पिलाने वाले सहित, अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 26 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 8 बॉटल बीयर एवं 1466 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 48 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी तथा २ व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये। इसी प्रकार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 141 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 77 हजार 100 रूपये समन शुल्क वसूला गया।

## एमपी ट्रांसको के नव-नियुक्त जूनियर इंजीनियरों का फील्ड प्रशिक्षण शुरू

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में नव-नियुक्त जूनियर इंजीनियरों (जेई) के लिए फील्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। मुख्यालय जबलपुर में इस प्रशिक्षण के लिए विशेष रूप से गठित कोर टीम के संयोजन में यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कोर टीम के मार्गदर्शन में नव-नियुक्त अभियंताओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने तथा उन्हें वास्तविक कार्य परिस्थितियों के लिए तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशिक्षण सर्किल स्तर के मेंटर्स के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में आयोजित किया जा रहा है। अनुभवी मेंटर्स अपने अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षुओं को बेहतर कार्य निष्पादन के लिए आवश्यक तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी प्रदान कर रहे हैं। प्रशिक्षण के प्रारंभिक चरण में इंदौर स्थित 220 केवी मांगलिया सबस्टेशन में मेंटर्स कार्यपालन अभियंता विनीता भावसार द्वारा नव-नियुक्त जूनियर इंजीनियरों को ट्रांसमिशन सिस्टम की व्यवहारिक जानकारी दी गई। यहाँ उन्हें सबस्टेशन के संचालन, रखरखाव, सुरक्षा मानकों तथा आपात परिस्थितियों में कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है।






## कांग्रेस मंडलम/वार्ड कमेटियों का गठन

**जबलपुर।** संगठन सृजन अभियान कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू ब्लॉक कांग्रेस के जॉर्ज डिसील्वा वार्ड की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी, राजकुमार खुराना, यतेंद्र हीरा चौकसे ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत सिंह गुर्जर ने की। बैठक में ब्लॉक प्रभारी सुधीश जैन, सरबजीत सिंह रील, श्रीमती बलविंदर मांन, सुधीर सोनकर सहित वार्ड के अनेकों कांग्रेस साथी उपस्थित रहे। बैठक में मंडलम / वार्ड अध्यक्ष हेतु श्रीमती श्वेता गुप्ता के नाम का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही मंडलम/वार्ड कमेटी का गठन किया गया। बैठक में सभी साथियों ने अपने वार्ड में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

संजीवनीनगर और गोहलपुर में वारदाते

## नकाबपोशो की गुंडागर्दी, चाकू चलाए, 2 घायल

**जबलपुर।** संजीवनीनगर और गोहलपुर थाना क्षेत्र में जबरन रुपयों की मांग पूरी नहीं होने पर बदमाशों ने दो व्यक्तियों पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग आफिस संजीवनीनगर निवासी 46 वर्षीय सोहनलाल साहनी गत रात लगभग 9 बजे गुरंदी स्थित अपनी गोली बिस्कुट होलसेल की दुकान बंद करके अपनी एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 वाई 8754 से अपने घर आ रहा था लगभग 9.45 बजे लाल मैदान मारूती मार्बल के घर के सामने रोड़ पर पहुँचा तभी एक मोटर सायकल में तीन नकाबपोश आए और उसे रोककर उससे शराब पीने के लिए 2 हजार रूपये की मांग करने लगे, मना करने पर मोटर सायकल में पीछे बैठे व्यक्ति ने चाकू से उस पर हमला कर दिया। तीनों लड़कों की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष की होगी। पुलिस ने तीनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 119(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह गोहलपुर में मिलौनीगंज मछली मार्केट के पास निवासी 50 वर्षीय वहजुल कमर गत शाम लगभग 5 बजे अपनी दुकान बंद कर अपनी ओला गाड़ी से घर जा रहा था जैसे ही मल्टी गेट के पहले पहुँचा तभी पीछे से टू व्हीलर गाड़ी में 2 अज्ञात लड़कों ने उसका रास्ता रोका और अवैध रूप से पैसों की मांग करने लगे, मना करने पर दोनों ने गालीगलौज की और पीछे बैठे लड़के ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। उसका भाई वसीम और मोह. अयूब बचाने दौड़े तो दोनों भागते हुये बोले कि तुम आकिब भाईजान की जमीन छोड़ दो नहीं तो ठीक नहीं होग। बताया गया है कि कुछ दिन पूर्व वहजुल कमर ने अमखेरा में एक जमीन बैंक से फायनेंस कराकर क्रय की थी जिसका विवाद आकिब भाईजान से चल रहा है उसे शंका है कि उसके साथ चाकू बाजी की घटना में आकिब भाईजान का हाथ है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 126(2), 118(1), 119(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## विभाग की प्रदर्शनी का ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले ने किया अवलोकन



**जबलपुर।** नई दिल्ली में केंद्रीय विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित चार दिवसीय "भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026" में मध्य प्रदेश के सचिव ऊर्जा विशेष गढ़पाले गुरुवार को ऊर्जा विभाग की प्रदर्शनी देखने पहुंचे। श्री गढ़पाले ने "भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026" में ऊर्जा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश की विद्युत कंपनियों एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी जबलपुर, एमपी पावर जनरेटिंग कंपनी जबलपुर, एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी जबलपुर, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल एवं पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं प्रदर्शनी की सराहना की। इस अवसर पर एम पी पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक संदीप गायकवाड़, एमपी पावर मैनेजमेंट के नई दिल्ली स्थित कार्यालय की अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती रीता हल्दर, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी सहित सभी कम्पनी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज, भक्तिभाव में डूबे श्रद्धालु

## जगमगाने लगे देवी-देवालय, मठ-मंदिर

**जबलपुर।** वासंतेय नवरात्र पर्व के द्वितीय दिन माँ देवी के द्वितीय स्वरूप ब्रह्मचारिणी की उपासना आराधना की गई। देवी देवालयों में बैठकी पर घटस्थापना के बाद जवारे बोये गये और अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की गई। नवरात्र पर्व के प्रारंभ होने के साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला प्रारंभ हो गया। मंदिरों में दुर्गा सप्तसती के पाठ चल रहे हैं तो अनेक स्थानों पर देवी महापुराण चल रहे हैं। देवी के जगराते भी अनेक धार्मिक संस्थाओं द्वारा आयोजित किये जा रहे हैं। वासंतेय नवरात्र पर्व पर अलसुबह से ही मंदिरों में जल ढारने के लिये भक्तों की कतारें लग रही हैं। धीरे-धीरे शहर भक्तिभाव में डूबने लगा है। शहर के अति प्राचीन बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, छोटी खेरमाई राईट टाऊन, छोटी देवन दीक्षितपुरा काली दरबार सदर, मक्रवाहिनी मंदिर पानदरीबा, श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ मंदिर मढ़ाताल, श्री त्रिपुर सुंदरी मंदिर तेवर में पहले ही दिन से ही नवरात्र मेले की धूमधाम शुरू हो गई हैं। श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ मढ़ाताल में 1001 अखण्ड ज्योति कलश प्रज्वलित किये गये हैं। यहां आचार्य विद्वानों द्वारा दुर्गा सप्तसती का पाठ निरंतर किया जा रहा है। सुबह शाम मां पीताम्बरा का अर्चन और महाआरती की जा रही है। चारखम्बा स्थित बूढ़ी खेरमाई मंदिर में भी धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चल रहा है। बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया में रात के द्वितीय पहर से ही श्रद्धालु भक्तों का पहुंचना प्रारंभ हो गया है। हर तरफ माँ के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। सूर्योदय के साथ ही मंदिरों के घंटे-मृदंग बजना प्रारंभ हो जाते हैं। जल ढारने वाली श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ लग जाती है।

### मां श्रीशारदा आशीष दरबार में कलश स्थापना के साथ नवरात्रि आरंभ



शक्तिनगर स्थित मां श्री शारदा आशीष दरबार में चैत्र नवरात्र के शुभारंभ पर अखंड ज्योति कलश एवं खप्पर जवारे की स्थापना की गई। यह स्थापना पूज्य आशीष भैयाजी के सान्निध्य में दरबार प्रांगण में विधि-विधान से संपन्न हुई। इस अवसर पर शहर सहित अन्य प्रांतों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी दरबार में श्री विग्रह के समक्ष घट स्थापना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। मां की आराधना का यह क्रम 27 मार्च तक निरंतर जारी रहेगा। नवरात्रि के दौरान मंदिर प्रांगण में विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दुर्गा सप्तशती पाठ एवं मां शारदा की महाआरती प्रमुख रूप से शामिल हैं। दरबार व्यवस्था समिति के मुकेश कुशवाहा, मिलन मुखर्जी, संजय बरहा, जयंत क्षीर सागर, पं. सुबोध मिश्रा, सुधांशु उपाध्याय, संतोष द्विवेदी, संतोष मिश्रा, नीरज पाण्डे, सरबजीत तग्गड़, मनीष शर्मा, मनीष विश्वकर्मा, मोहन जोशी, सौरभ तिवारी, अमर दुबे, सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### भक्तिधाम के मां भुवनेश्वरी मंदिर में अखंड चण्डी पाठ

चैत्र नवरात्र में 19 मार्च से 27 मार्च तक गौरीघाट स्थित भक्तिधाम आश्रम मां भुवनेश्वरी मंदिर में अखंड चण्डी पाठ किया जा रहा है। आश्रम के महंत स्वामी अशोकानंद महाराज ने बताया कि विश्व शांति और सर्व कल्याण के लिए पाठ दिन-रात चलेगा। उन्होंने बताया की मां भुवनेश्वरी 10 महाविद्याओं में से एक हैं। उन्हें संसार की जननी माना जाता है। उनके पूजन करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसलिए संसार में शांति एवं महामारियों से राहत के लिए यह अखंड चण्डी पाठ किया जा रहा है। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से धर्म लाभ लेने की अपील की है।





### 24 को वाहन रैली के लिए सनातन धर्म महासभा महिला मंडल की बैठक आज

**जबलपुर।** 27 मार्च को श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में निकलने वाली मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की विशाल शोभायात्रा के पूर्व 24 मार्च को सायंकाल 4 बजे महासभा महिला मंडल द्वारा विशाल नारी शक्ति नारायणी शक्ति स्कूटर वाहन रैली को भव्य बनाने हेतु आवश्यक बैठक नरसिंह मंदिर में 21 मार्च को सायंकाल 4.30 बजे श्रीमद् जगतगुरु डॉ स्वामी नृसिंहदेवाचार्य जी महाराज के संरक्षण और सानिध्य में आयोजित है। महासभा महिला मंडल की संयोजक नीता चावला, गीता पाण्डे, अंजू भार्गव, कविता दुबे, इंदुलता प्यासी, डॉ वाणी अहलुवालिया रजनी साहू पार्षद, प्रतिभा भापकर पार्षद, आभा साहू, सोनल सेठी, नंदिता महाजन, मीरा दुबे, सभी सनातनी बहनों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।



### श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ की कलश शोभायात्रा निकली

**जबलपुर।** सिद्ध श्री दुर्गा मंदिर धनवंतरी नगर जबलपुर में प्रथम दिवस श्रीमद् देवी भागवत महापुराण संगीतमय ज्ञान यज्ञ का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा व्यास डॉ. चंद्रशेखर शास्त्री महाराज ने आज देवी भागवत के संदर्भ में व्याख्यान और महत्व बताते हुए कहा कि माँ है तो सृष्टि है, माँ के बिना कुछ भी नहीं है, पहाड़ों, कंदराओं, गुफाओं में निवास करने वाली भक्तों की मुरादें पूरी करने के लिए हर जगह मौजूद है। माता जीवन की पहली पाठशाला है, गुरु है, देवताओं को भी चेतना देने वाली माँ है। कलश यात्रा गाजे बाजे, ढोल धमाके के साथ भव्य रूप में पूरे धनवंतरी नगर क्षेत्र की हर गलियों में भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंचकर समाप्त हुई। कथा प्रतिदिन नौ दिन तक अपरान्ह 03 से शाम 07 बजे तक चलेगी एवं 27 अप्रैल को कथा का समापन हवन, भंडारा प्रसादी से होगा। आज मुख्य यजमान श्रीमति बेनी शुक्ला, स्व. एस.एन. शुक्ला, पुत्र वधू डॉ. अभिलाष शुक्ला- विनीता शुक्ला, नंदकुमार दुबे- किरण दुबे, कपिल दुबे- प्रीति दुबे, नेहा- नीरज सोनी ने व्यास पीठ का पूजन अर्चन कर कथा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सिद्ध श्री दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष के.के. शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. अरुण मिश्रा, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष चंद्रा दीक्षित, पंकजा शुक्ला सहित सभी मातृशक्तियों एवं पं. अनिल दुबे एडवोकेट, सुनील दुबे एवं क्षेत्र के गणमान्यों की उपस्थिति सराहनीय रही। समिति ने सभी श्रोताओं, भक्तों से कथा में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर 27 से होगा तीन दिवसीय भव्य अंतर्राष्ट्रीय आयोजन

**51 घंटे निरंतर कार्यक्रम, 101 कलाकारों की प्रस्तुति, निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ भी उपलब्ध**

**जबलपुर** । राइट टाउन स्थित यं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर गेट नं. 2 में श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 2 अप्रैल 2026 से तीन दिवसीय भव्य अंतर्राष्ट्रीय आयोजन किया जाएगा। मंदिर संचालक एवं आयोजक आचार्य पं. श्री धर्मेन्द्र दुबे जी ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ देते हुए बताया कि यह आयोजन मध्य भारत का सबसे बड़ा धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जो लगभग 51 घंटे निरंतर चलेगा। कार्यक्रम में मध्य भारत के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 101 कलाकारों द्वारा भजन प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। साथ ही कन्या पूजन, 24 घंटे विशाल भंडारा, निःशुल्क नेत्र स्वास्थ्य शिविर, दवाई वितरण, विभिन्न जांचें एवं चश्मा वितरण भी किया जाएगा। आयोजन की शुरुआत 27 मार्च 2026, शुक्रवार को श्री रामनवमी के पावन अवसर पर सुबह 11:30 बजे भगवान श्रीराम के जन्म पूजन, हवन, अभिषेक एवं श्रृंगार से होगी। दोपहर 12 बजे महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। 1 अप्रैल 2026 को प्रातः 5 बजे ब्रह्म मुहूर्त में संगीतमय श्री रामचरित मानस का 24 घंटे अखंड पाठ राष्ट्रीय कलाकार कृष्ण मोहन दीवान द्वारा 21 मंडलियों के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। 2 अप्रैल को प्रातः 4 बजे श्री हनुमान जी का जन्म पूजन तथा 5 बजे चोला, वस्त्र एवं आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। प्रेस वार्ता में प्रेम विश्वकर्मा, सतीश पसारी, गौरव मुगदल, राजा सोनी, नितेश अग्रवाल एवं राजेश दीक्षित उपस्थित रहे।



### बेबी रूद्रांशी को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड



**जबलपुर।** जुपिटर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित समारोह में स्कूल के डायरेक्टर यश जायसवाल ने अपर केजी की छात्रा बेबी रूद्रांशी शर्मा को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड से सम्मानित किया। रूद्रांशी, उत्पल कांत एवं साहित्य से जुड़ी रूपम बाजपेयी शर्मा की पुत्री हैं। वह नर्सरी कक्षा से ही लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करती आ रही हैं। नर्सरी से ही क्लास मॉनिटर रहने के साथ-साथ उन्होंने स्कूल की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर समय-समय पर कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं।



### डॉ. विवेक गुप्ता बने आईडीए अध्यक्ष, डॉ. सौरभ तिवारी मानद सचिव नियुक्त

**जबलपुर।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) की जबलपुर शाखा में हुए निर्वाचन के तहत डॉ. विवेक गुप्ता को अध्यक्ष तथा डॉ. सौरभ तिवारी को मानद सचिव नियुक्त किया गया है। दोनों ही अनुभवी एवं सक्रिय दंत चिकित्सक हैं और लंबे समय से संगठन से जुड़े रहे हैं। नई जिम्मेदारी संभालते हुए वे शाखा की शैक्षणिक, सामाजिक एवं जनहित से जुड़ी गतिविधियों को और सशक्त बनाने का कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर आईडीए जबलपुर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### भगवान श्री झूलेलाल जी का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया

**जबलपुर।** भगवान श्री झूलेलाल जी का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने प्रवचन में भगवान श्री झूलेलाल जी के उद्देश्यों और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला, जबकि स्वामी प्रदीप महाराज जी ने पूज्य बहाराणा साहिब का पूजन संपन्न कराया।कार्यक्रम "एक दीप भगवान झूलेलाल जी के नाम" के तहत श्रद्धालुओं ने भगवान झूलेलाल जी के चरणों में दीप प्रज्वलित कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने भजन-कीर्तन किए और मंदिर परिसर को दीपों से भक्तिमय बना दिया। महाआरती में सभी ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि यह पर्व सिंधी समाज के लिए विशेष महत्व रखता है और हर वर्ष पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी (कैंट), जगत बहादुर सिंह अन्नू, महापौर मोतीलाल पारवानी, उद्धवदास पारवानी, दिलीप तलरेजा, रमेश आहूजा, राजकुमार कन्धारी, तारु खत्री, त्रिलोक वासवानी, लख्मीचंद खेमानी, माधवदास कुंदवानी, कैलाश वासवानी, राकेश वासवानी, कमलेश सोनू लालवानी, मोटी रतलानी, दिलीप बुधरानी, शमन असावानी, सुधीर भागचंदनी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### ...तो छावनीवासी करेंगे अनिश्चितकालीन आंदोलन

**जबलपुर।** गोराबाजार आजाद चौक में 18 मार्च को केंट छावनी के वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों की उपस्थिति में एक विशाल संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंटोन्मेंट बोर्ड के द्वारा छावनी वासियों पर अंग्रेजों के जमाने का अनाप-शनाप कानून लादे जाने के विरोध में 12 मार्च को छावनी जन आंदोलन समिति द्वारा टैक्स विसंगति सहित 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया था। उक्त मांगें 15 दिनों के अंदर पूरी नहीं होती हैं, तो जनहित में सम्पूर्ण छावनीवासी अतिशीघ्र एक अनिश्चितकालीन विशाल आंदोलन केंट बोर्ड के खिलाफ करेंगे और चौपाल के माध्यम से जागरूकता अभियान जारी रखेंगे। बैठक में एड. प्रणव अवस्थी, अभिषेक चौकसे, कन्हैया तिवारी, पवन कनौजिया, एड. चेतन चंसोरिया, दिनेश कुशवाहा, एड. राजेश कुशवाहा, मनोज पिल्ले, नवीन चंदेल, वादिम अहमद, नकुल गुप्ता, ओपी अग्रवाल, हेमंत मलिक, मकसूद अहमद, राजेश बग्गा, निक्कू महावर, मुकेश कोरी, प्रशांत यादव, सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

### मिशन लाइफ के तहत प्रोजेक्ट CLAP पर साझा किए अनुभव, जिला कार्यों की सराहना

# यूनिसेफ भोपाल में हुआ जबलपुर का प्रेजेंटेशन




**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में 18 मार्च 2026 को यूनिसेफ, मध्य प्रदेश कार्यालय भोपाल में "एक्सपीरियंस शेयर कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों एवं समन्वयकों ने भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर जबलपुर के चीफ कमिश्नर डॉ. विजयकांत तिवारी ने अपने जिले में प्रशासन के सहयोग से प्राप्त उपलब्धियों एवं भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, जिला जबलपुर के कार्यों का प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया तथा राष्ट्रीय स्तर से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम में SBC चीफ डेनिस लॉरेंस, SBC चीफ भोपाल विलियम, SBC ऑफिसर मध्य प्रदेश श्रीमती झिमली बूरहा, राष्ट्रीय मुख्यालय की डायरेक्टर दर्शना पावस्कर, डिप्टी डायरेक्टर अरूप सरकार, असिस्टेंट डायरेक्टर बबलू गोस्वामी, स्टेट कोऑर्डिनेटर राजीव जैन, स्टेट सेक्रेटरी बी.एल. शर्मा, जॉइंट सेक्रेटरी श्रीमती जानकी सिंह, ललित कुमार मिश्रा, गणेश श्रीवास्तव सहित जबलपुर, कटनी, बड़वानी एवं भोपाल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रोजेक्ट CLAP के अंतर्गत किए गए कार्यों और उनके प्रभावों पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। साथ ही मिशन लाइफ के सात प्रमुख बिंदुओं जैसे सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग, जल एवं ऊर्जा संरक्षण तथा सतत जीवनशैली अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त न्यूट्रिशन, एनीमिया नियंत्रण, हीट स्ट्रोक से बचाव, पेरेंटल केयर एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से बच्चों, अभिभावकों और समुदाय में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों की जानकारी भी साझा की गई। विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए नवाचारों के सकारात्मक परिणाम भी प्रस्तुत किए।

### महिलाओं ने उत्साह से किया हिंदु नववर्ष का स्वागत

**गुड़ी पड़वा पर जबलपुर लेडिज क्लब का भव्य आयोजन, सेमी क्लासिकल नृत्य ने बांधा समां**




**जबलपुर।** जबलपुर लेडिज क्लब द्वारा गुड़ी पड़वा एवं हिन्दू नववर्ष स्थापना के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. शिवा सारंग पण्डित मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय परंपरा के अनुसार हुई, जिसमें चैत्र नवरात्रि, गुड़ी पड़वा और चेती चांद के पावन अवसरों का सुंदर समन्वय देखने को मिला। इस दौरान प्रस्तुत सेमी क्लासिकल नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि यह पर्व शक्ति, नवआरंभ, समृद्धि और श्रद्धा का प्रतीक है। माँ दुर्गा की कृपा, नववर्ष की ऊर्जा और भगवान झूलेलाल के आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख-शांति और सफलता की कामना की गई। जबलपुर लेडिज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती मनीषा दुबे ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक हिन्दू नववर्ष का स्वागत किया।

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रसीद खान पिता श्री रफीक खान नि. कैमोर तह. वि.गढ जिला कटनी म.प्र. द्वारा बैंक ऑफ बडौदा की शाखा कैमोर जिला कटनी म.प्र. से ऋण प्राप्त करना प्रस्तावित है तत्संबंध में भूमि ग्राम गुडगडौहा पह. नं. 35 तह. विजयराघवगढ जिला कटनी म.प्र. में स्थित भूमि खसरा नंबर 101 / 16 रकवा 0.0190 हेक्टेयर अर्थात 2120 वर्गफुट भूमि का बंधक किया जाना है, उक्त भूमि रसीद खान पिता श्री रफीक खान ने श्री हंसराज ग्रोवर से क्रय की थी इसके पूर्व श्री हंसराज ग्रोवर ने विक्रेता सतैया उर्फ सतईलाल बर्मन पिता सुंदरलाल बर्मन से दिनांक 17.01.2020 को क्रय की थी जिसका दस्तावेज क्रमांक MP208062020 A1040066 है उक्त रजिस्ट्री दिनांक 17.01.2020 की मूलप्रति जोकि विक्रेता सतैया उर्फ सतईलाल बर्मन द्वारा श्री हंसराज ग्रोवर के पक्ष में निष्पादित की थी, भूस्वामी रसीद खान के पास से गुम गई है जिसकी सूचना भी पुलिस थाना कैमोर में दी है, उक्त आम सूचना के माध्यम से आम जनता समस्त बेंकिंग व वित्तीय संस्थानो, शासकीय संस्थाओं को सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का हित स्वत्वाधिकार अथवा दावा आपत्ति अथवा कोई भार या विवाद हो तो सूचना प्रकाशन दिवस से पंद्रह दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में अथवा ई-मेल द्वारा या बैंक ऑफ बडौदा की शाखा कैमोर जिला कटनी म.प्र. में समस्त दस्तावेजों सहित अवगत करावें अवधि उपरांत कोई भी आपत्ति स्वमेव निराधार व अमान्य होगी।

वि.गढ/ कटनी
दिनांक / 20.03.2026

**शशिकान्त पाण्डेय** (एडवोकेट)
जिला एवं सत्र न्यायालय कटनी
आ./नि.- शिवनगर कालोनी, नदीपार कालीवारा रोड, कटनी (म.प्र.)
मो.नं. 9826575886,7974554967
E-mail-advshashikantp@gmail.com

### कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक मंच पर लहराया परचम

**रानी दुर्गावती नाटक और वृंदावन रास नृत्य से जीते पुरस्कार, लघु नाटक में महिला सशक्तिकरण पर जोर**

**जबलपुर।** जवाहरलाल कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के 24वें अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन कर उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। यह दो दिवसीय कार्यक्रम 16 और 17 मार्च को आयोजित हुआ। पहले दिन सामूहिक लोक गायन, देशभक्ति गीत, एकल गीत, ललित कला, साहित्यक कार्यक्रम, मूर्तिकला और एकल अभिनय प्रस्तुत किए गए। दूसरे दिन सामूहिक अभिनय, लोक नृत्य, लघु नाटक और मूक अभिनय का आयोजन हुआ।

समूह नाटक में रानी दुर्गावती के गौरवमयी इतिहास को पेश किया गया, जिसमें उनकी वीरता और जीवन की झलक दिखाई गई और इसे द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समूह नृत्य में वृंदावन के रास नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया और इसे रजत पुरस्कार मिला। सबसे चर्चित लघु नाटक महिला सशक्तिकरण पर आधारित था, जिसने सबके रोंगटे खड़े कर दिए और प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। मूक अभिनय ने जल संरक्षण का संदेश देकर दूसरे स्थान पर रहा। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा रहे। अभियांत्रिकी सांस्कृतिक टीम के प्रबंधक डॉ. रत्नेश नारायण श्रीवास्तव ने टीम को दिशा दी, जबकि इंजीनियर यज्ञेश नारायण श्रीवास्तव ने व्यवस्थाओं का संचालन किया। टीम को ट्रेनिंग रंगमंच के जाने-माने कलाकार श्री देवेंदर और विनय शर्मा ने दी। सामाजिक मुद्दों को उठाते हुए अभिनय द्वारा संदेश देने वाले छात्रों की सराहना की गई। इस वर्ष ब्लॉग इवेंट में भी कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अक्षत पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और आधुनिक विधाओं को बढ़ावा दिया। पूरी टीम को इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी गई।

### कजरवारा माँ खेरमाई सिद्धेश्वरी माता मंदिर में 9 दिन होंगे आयोजन

**जबलपुर।** कजरवारा माँ खेरमाई सिद्धेश्वरी दुर्गा माता मंदिर में चैत्र नवरात्र में 09 दिवसीय भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, यहां 9 दिवसीय भक्ति रस की वर्षा होगी। कार्यक्रम प्रतिदिन रात्रि 08 बजे से प्रारंभ होंगे।है, 19 मार्च को माँ के 108 ज्वारों के कलश की स्थापना की गई महिला मण्डल द्वारा भजन किए गए। 20 मार्च 2026 को लोकगीत, भजन कीर्तन पुरानी बस्ती, कजरवारा क्षेत्रीय बाल कलाकारों का डांस प्रतियोगिता की गई। 21 मार्च को देवी जागरण अनु मिश्रा पूजा तिवारी सुभाष यादव द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा,22 मार्च 2026 देवी जागरण देवी गीत गायिका वर्षा यादव का रखा गया है। 23 मार्च 2026 महाआरती के साथ ही देवी जागरण विनोद साहू, प्रदीप पटेल शुभम साहू का रखा गया है , 24 मार्च 2026 महाआरती देवी जागरण देवी गीत गायक कु. सुरभि गुप्ता माँ सिद्धेश्वरी दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में किया जाएगा 25 मार्च को डांस प्रोग्राम सांस्कृतिक प्रोग्राम रंगारंग कार्यक्रम, कॉमेडी शुभम महतो, इवेंट शिवपुरी का, 26 मार्च 2026 मध्य भारत की सुप्रसिद्ध गायिका संजो बघेल द्वारा देवी गीत, देवी जागरण किया जाना है,27 मार्च 2026 को दस हजार माँ के भक्तों की संख्या के साथ मन्नत वाले माँ के ज्वारो की विशाल शोभायात्रा कजरवारा खेरमाई मंदिर से प्रारंभ होकर, सिद्धेश्वरी नगर, बजरंग मंदिर बस्ती, भोंगाद्वार, धोबीघाट, अनुराधा कालोनी, से होते हुए मिल्ट्री डेयरी फॉर्म के पास मंदिर में समाप्त होगी , भण्डारा - 29 मार्च रविवार शाम 6 बजे से प्रारंभ होगा।



आस्था का बना दिव्य धाम, हर मन्नत होती है पूरी

# अकोला के पेड़ तले प्रकट हुईं मांटेना खेर माता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले की जबेरा जनपद क्षेत्र में सगरा रोड से हटकर स्थित मांटेना खेर माता धाम आज श्रद्धा और आस्था का अद्भुत केंद्र बन चुका है। सैकड़ों वर्षों पुराने इस क्षेत्र में मां खेर माता की ख्याति अब दूर-दूर तक फैलती जा रही है, जहां हर दिन भक्तों का तांता लगा रहता है। बताया जाता है कि करीब तीन दशक पहले यह स्थान एक सुनसान पठारी क्षेत्र था, जहां अकोला के पेड़ के नीचे माता की प्रतिमा विराजमान थी। स्थानीय लोग विशेष रूप से नवरात्रि में यहां घट स्थापना कर पूजा-अर्चना करते थे। धीरे-धीरे माता के चमत्कारों और भक्तों की पूरी होती मन्नतों ने इस स्थान को विशेष पहचान दिलाई। स्थानीय पंडा नन्नू रैकवार के अनुसार, माता के प्रति बढ़ती श्रद्धा और जनसहयोग से यहां भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। समय के साथ धर्मशाला, पेयजल सुविधा, शनि मंदिर और विशाल परिसर का भी विकास हुआ, जहां वर्षभर धार्मिक आयोजन और भंडारे चलते रहते हैं।

### आस्था का केंद्र, चमत्कारों की मान्यता

मांटेना खेर माता धाम में यह मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से माता के दरबार में मन्नत मांगता है, उसकी हर इच्छा पूरी होती है। यही कारण है कि दूर-दूर से श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मन्नत पूरी होने पर भक्त माता के नाम का घट स्थापित करते हैं।

### नवरात्रि में उमड़ता है जनसैलाब

नवरात्रि के पावन अवसर पर यहां विशेष रौनक देखने को मिलती है। नवमी के दिन सैकड़ों श्रद्धालु ज्वारे के दर्शन करने पहुंचते हैं। इसके अलावा कन्या पूजन, हवन और बच्चों का मुंडन जैसे धार्मिक संस्कार भी यहां नियमित रूप से संपन्न होते हैं। आज मांटेना खेर माता धाम न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान भी बन चुका है। यहां की भव्यता और दिव्यता हर श्रद्धालु को आध्यात्मिक अनुभूति से भर देती है।

### क्षेत्र में श्रद्धालुओं के बीच एक ही बात प्रचलित है

"मांटेना खेर माता के दरबार में जो आया, खाली हाथ कभी नहीं गया।

दमोह। देवीचरण अग्रवाल एवं सुवोध अग्रवाल द्वारा अस्पताल चैक से घंटाघर रोड के बीच मौजा दमोह खास नजूल भूमि सीट नं. 42 प्लाट नं. 214/1 में 680 वर्गफुट पर अवैध निर्माण व कब्जा करीब 105 फुट शासकीय जमीन पर किए हुए है जिसे हटाने शासन द्वारा 25 अप्रैल 2025 को आदेश कर दिया गया है परंतु आज दिनांक तक उक्त आदेश का पालन नही होने पर आवेदक राजकुमार सेन द्वारा पुनः अवैध निर्माण हाटने कार्यवाही की मांग की है उक्त भूमि की 4 बाय 14 पर राजकुमार सेन 35 वर्षो से अपनी दुकान चला रहे थे जिसे पूर्व में शासन से पट्टे की मांग कर चुके है। यह कि आवेदक द्वारा अनावेदकों द्वारा किया गया था जिसके विरूद्ध आवेदक ने न्यायालय तहसीलदार दमयंती नगर दमोह के समक्ष प्र.क्र 147121 वर्ष 2021/22 दर्ज किया था। जिसके आदेश दिनांक 25.04.2025 को अनावेदकी का अवैध कब्जा हटाने का आदेश पारित किया गया था जिसके विरूद्ध अनावेवको ने न्याया, अनुविभागीय अधिकारी दमोह के समक्ष अपील प्र.क्र. 0014 अ/70 वर्ष 2025.26 दर्ज की थी जिसे न्यायालय द्वारा दिनांक 28.01.2026 को निरस्त कर दिया है। जिसके अनुसार न्यायालय द्वारा पारित आदेश का परिपालन होना है।

छोटी-छोटी गलतियों से रिजेक्ट हो रहे आवेदन, प्रक्रिया सरल करने की मांग

# विवाह प्रमाण पत्र हुआ महंगा, 50 की जगह अब लग रहा 200 रु. का स्टांप

हटा। विवाह प्रमाण पत्र बनवाना अब पहले से महंगा और जटिल हो गया है, जहां पहले 50 रुपए के स्टांप पर काम हो जाता था। वहीं अब 200 रुपए के नॉन-ज्यूडिशियल स्टांप की अनिवार्यता कर दी गई है। स्टांप शुल्क में 4 गुना वृद्धि कर लोगों पर आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। वर्ष 2008 के बाद जिन दंपत्तियों का विवाह हुआ है उनके लिए विवाह पंजीयन कराना अनिवार्य होता है। इसके साथ ही आवेदन में छोटी-छोटी त्रुटियों के कारण बड़ी संख्या में आवेदन निरस्त किए जा रहे हैं। इससे आमजन को बार-बार दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

सरकारी योजनाओं बैंक कार्यों पासपोर्ट बीमा क्लेम और अन्य शासकीय प्रक्रिया में विवाह प्रमाण पत्र आवश्यक के रूप में मांगा जाता है ऐसे में इसकी बड़ी हुई फीस के कारण आवेदक को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका और जनपद पंचायत कार्यालयों में इन दिनों विवाह प्रमाण पत्र बनवाने वालों की भीड़ देखी जा रही है। नगरीय निकायों, नगर परिषद जनपद पंचायत में विवाह प्रमाण पत्र बनवाने हर महीने हजारों आवेदन जमा किए जा रहे हैं। उसे बनवाने की प्रक्रिया काफी जटिल और खर्चीली होती जा रही है। ऐसी स्थिति में लोगों को विवाह प्रमाण पत्र बनवाने में बेहद परेशान होना पड़ रहा है।

हालांकि प्रमाण पत्र को बनवाने में पहले 50 रुपए का खर्च आता था लेकिन अब 200 रुपए के स्टांप पर प्रमाण पत्र बनाया जाता है जिससे आवेदक काफी परेशान रहते हैं। कई आवेदकों का कहना है कि नाम की स्पेलिंग, जन्मतिथि में अंतर, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों में हल्की सी असमानता के कारण आवेदन वापस हो जाते हैं। सुधार के लिए दोबारा स्टांप व दस्तावेज लगाना पड़ रहा है। ऐसे में प्रक्रिया की जटिलता आमजन के लिए परेशानी **का कारण बन रही है।**

**विकल्प दिया जाए-**

सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने मांग की है कि विवाह प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटियों को सुधारने का विकल्प दिया जाए और स्टांप शुल्क को यथासंभव कम किया जाए। साथ ही, एकल खिड़की व्यवस्था (सिंगल विंडो सिस्टम) लागू कर दस्तावेजों की जांच उसी समय कर ली जाए। ताकि लोगों को बार-बार कार्यालय न आना पड़े।

**पहले 50, अब 200 रुपए का लग रहा है स्टाम्प-**

स्थानीय नागरिकों प्रदीप गुप्ता ने बताया कि पहले शपथ पत्र 50 रुपए के स्टांप पर तैयार हो जाता था लेकिन अब 200 रुपए के स्टांप की अनिवार्यता से लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को स्टांप खरीदने और दस्तावेज तैयार कराने में अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है इसके अलावा टाइपिंग और नोटरी शुल्क अलग से देना पड़ता है। जिससे विवाह प्रमाण पत्र बनवाने में पांच से 600 रुपए का खर्च वहन करना पड़ रहा है।

# चारों ओर गूंज रहे जयकारे, मंदिरों में श्रद्धालुओं की लग रही सुबह से कतार

### नगर के वार्ड क्रमांक 2 में भागीरथ पंडा के घर पर विराजी मां शारदा करती है भक्तों के दुख दूर



तेंदूखेड़ा। चैत्र नवरात्रि पर चारों ओर मंदिरों में सुबह चार बजे से भक्तों की भीड़ बढ़ रही हैं मंदिरों में नवरात्रि का उल्लास अब चरम पर है हर तरफ माता के जयकारे गूंज रहे है नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की घर घर पूजा अर्चना का क्रम चलता रहा है वहीं मंदिरों में माता रानी का विशेष श्रृंगार किया गया और पूजा अर्चना हुई वही बुन्देलखण्ड की धरती पर आदिशक्ति मां जगदम्बा अनेकों रुपों में विराजमान हैं हर स्थान का अपना अपना प्रभाव व प्रमाण है जहां तेंदूखेड़ा नगर में बड़ी खेरमाई छोटी खेरमाई महाकाली मंदिर ज्वाला देवी मंदिर दुर्गा मंदिर सहित अन्य देवी देवताओं के मंदिर मौजूद हैं और यहां पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जाती है इसी तरह तेन्दूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 2 में भागीरथ रजक पड़ा के निवास पर बने मां शारदा देवी मंदिर में विराजी मां शारदा की ख्याति दूर दूर तक फैली हुई है मां के दर पर आने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामना यहां पर पूरी होती है यहां पर हर दिन दर्जनों श्रद्धालु मां के दर्शन करने आते हैं नौ दिनों तक मां के चारों ओर जयकारे गूंजते हैं वहीं नगर में सिद्ध स्थानों पर मनोकामना तो पूरी होती है साथ ही नगर में एक स्थान ऐसा भी है जहां पंडा में अनेक सिद्धियां प्राप्त है जिनके पास दूरदराज के लोग आकर उदास चेहरे को हंसते हुए चेहरे को लेकर जाते हैं नगर के भागीरथ पंडा के पास अनेक सिद्धियां है जो अनेक बिगड़े लोगों के कार्या को सुधारकर उनके उदास चहरे पर खुशी के रंग भर देते हैं क्योंकि इन पंडा के ऊपर शारदा देवी मां की अटूट कृपा है भागीरथ पंडा मां शारदा के अटूट भक्त हैं वो प्रतिवर्ष अपने घर से पैदल चलकर हर साल मैहर दर्शन करने जाते हैं उन्होंने बताया कि नवंबर माह में उनकी यह 30 वी पद यात्रा होगी जिसमें बड़ी संख्या में मां शारदा के भक्त पैदल चलकर साथ जाते हैं इसलिए माता शारदा की इन पर विशेष कृपा है और पंडा देवी दरवाजे मैं बैठकर लोगों की समस्याओं को दूर करते हैं यहां पर दूरदराज से परेशान लोग आते हैं और खुशी खुशी अपने घर जाते हैं।

# जुमा अल-विदा को जामा मस्जिद में उमड़ा जन सैलाब



तेंदूखेड़ा।जैसा कि हम सभी जानते हैं कि रमजान का पवित्र महीना चल रहा है ऐसे में रमजान के आखिरी असरे में पड़ने वाले शुक्रवार के दिन को अलविदा जुमा कहते हैं क्योंकि रमजान साल में एक मर्तबा आता है और ओर अल विदा जुमा भी एक बार आता है अलविदा' का अर्थ है विदाई और 'जुमातुल विदा' का मतलब है रमज़ान का आखिरी जुमा (शुक्रवार)। चूंकि जुमे का दिन दुआओं की कुबूलियत का होता है और रमजान का महीना रहमतों का, इसलिए जब रमज़ान हमसे विदा हो रहा होता है, इस आखिरी जुमे की नमाज़ में खास तौर पर सभी अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। आज जमा मस्जिद तेंदूखेड़ा में हाफिज खालिद राजा साहब ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाई और अपनी तकरीर में ईद उल फितर के बारे में जानकारी साझा की ओर कहा कि ईद उल फितर को रोजा रहना हराम है लेकिन कुछ सुन्नत के बारे में जानना जरूरी है जैसे कि ईद के दिन सुबह फजिर की नमाज के बाद नहाना , अच्छा लिबास पहिनना,सुरमा एवं इत्र लगाना , सीरखुरमा या मीठा खा कर बजू कर के घर से मस्जिद के लिए निकलना,रस्ते में जिक्र करते हुए मस्जिद जाना ,ईद की नमाज के बाद दूसरे रस्ते से जिक्र करते हुए घर वापस आना और एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देना।

# जल शक्ति से नवभक्ति का आयोजन



तेंदूखेड़ा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा मुख्यमंत्री की मनसा अनुसार ग्राम झरौली नदी घाट की साफ सफाई का आयोजन किया गया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए नवांकुर संस्था सूर्या सेवा समिति द्वारा विकासखंड समन्वयक दीपचंद मालवीय परामर्शदाता संदीप साहू ग्राम सरपंच वीरेन्द्र ठाकुर सीएमसीएल डीपी के छात्रों एवं ग्रामीण जनों के साथ जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम के समीप से बह रही नदी पर बने घाट की साफ सफाई बड़े ही सहज रूप से की गई। जिसमें ग्रामीण युवाओं एवं ग्रामीण जनों का उत्साह स्वच्छता बनाए रखने के लिए देखा गया। सभी साथियों ने मिलकर घाट की सफाई की एवं सफाई के पूर्व चौपाल लगाकर जल शक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम के बारे में उपस्थित जनों को विकासखंड समंवयक द्वारा अवगत कराया गया। यह अभियान 19 मार्च से 27 मार्च तक निरंतर जन अभियान परिषद द्वारा चलाया जाएगा कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित जनों का आभार प्रीतम सिंह केवट द्वारा किया गया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति झरौली शिवकुमार यादव हरि ओम केवट अजय केवट सचिन केवट अंकित केवट साहिल लालचंद विशाल केवट साक्षी केवट अजय केवट मोहिनी केवट शंकर केवट सोनेलाल केवट आदि उपस्थित रहे।

# अनंत गुफाएं एवं सिद्ध महाराज की तपो स्थली बनी आस्था का अदभुत केंद्र

### गुबरा कला की पहाड़ियों में छुपा रहस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम गुबरा कला की दुर्गम पहाड़ियों में स्थित सिद्ध महाराज की तपोस्थली आज भी रहस्य आस्था एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का अनोखा संगम बनी हुई है। पहाड़ी की खड़ी चढ़ाई पथरीले रास्ते एवं घने सन्नाटे के बीच बासी इस स्थान तक पहुंचना आसान नहीं है, लेकिन श्रद्धालुओं की अटूट आस्था हर कठिनाई को पार करके उन्हें यहां तक ली जाती है। बताया जाता है कि इस पहाड़ी के मध्य स्थित गुफाएं इस स्थान को और भी रहस्यमई बनती हैं गुफा के भीतर प्रवेश करते ही दो ऐसी सुरंग नुमा गुफाएं दिखाई देती हैं, जिन्हें अनंत गुफा कहा जाता है इन गुफाओं के बारे में लोगों का ऐसा मानना है कि इन गुफाओं का अंतिम छोर आज तक कोई भी नहीं खोज पाया है इसी कारण उनके प्रति जिज्ञासा और भी बढ़ जाती है। इन गुफाओं के बारे में स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि यह स्थान अत्यंत प्राचीन है एवं यहां पर ब्रह्म मुहूर्त में की जाने वाली किसी भी साधना का विशेष महत्व होता है बुजुर्गों के अनुसार यहां साधना करने वाले भक्तों को अति शीघ्र शब्दों की कृपा प्राप्त होती है एवं इस स्थान पर अनेकों लोगों ने अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूतियों का अनुभव किया है। सिद्ध महाराज की यह टापू स्थल वर्षों से साधकों एवं श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख एवं आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। हालांकि यह स्थान आज भी आम लोगों की पहुंच से काफी हद तक दूर है लेकिन स्थानीय स्तर पर इसकी ख्याति लगातार बढ़ रही है, प्राकृतिक सौंदर्य एवं रहस्य से भरपूर यह स्थल धार्मिक पर्यटन के रूप में भी विकसित हो सकता है।

# ग्रामीणों के विरोध के बाद पंचायत ने जमा किए 99 हजार,950 रुपये

### बिजली बहाल पानी के लिए तरसे ग्रामीण, आंशिक भुगतान के बाद जुड़ी बिजली लाइन, ग्राम पंचायत सर्रा का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सर्रा में विगत चार दिनों से बंद पड़ी जल आपूर्ति शुक्रवार की सुबह से पुनः शुरू होने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। ग्राम पंचायत द्वारा विद्युत कंपनी में 99 हजार 950 रुपये की आंशिक राशि जमा किए जाने के बाद दोनों बिजली कनेक्शन बहाल कर दिए गए हैं, जिससे जल सप्लाई व्यवस्था सुचारु हो गई है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत पर लगभग 10 लाख रुपये का विद्युत बिल बकाया था, जिसके चलते विद्युत कंपनी ने पंचायत के दो बिजली कनेक्शन काट दिए थे। इन कनेक्शनों के कटने से गांव की पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई थी, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पानी की कमी के कारण दैनिक जीवन प्रभावित हो गया था और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त था। स्थिति से नाराज ग्रामीणों ने पंचायत भवन पर धरना प्रदर्शन किया और पंचायत प्रशासन से जवाब मांगा। ग्रामीणों का कहना था कि वे नियमित रूप से पानी का शुल्क पंचायत को जमा करते हैं, इसके बावजूद समय पर विद्युत बिल का भुगतान क्यों नहीं किया गया। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने सरपंच से भी चर्चा की और जल्द समाधान की मांग की। ग्रामीणों के दबाव और समस्या की गंभीरता को देखते हुए पंचायत ने तत्परता दिखाते हुए विद्युत कंपनी में 99, हजार 950 रुपये की राशि जमा की। पंचायत द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया है कि शेष बकाया राशि आगामी 4-5 दिनों के भीतर जमा कर दी जाएगी।ग्रामवासियों ने उम्मीद जताई है कि अब जल आपूर्ति नियमित रूप से जारी रहेगी और भविष्य में इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। पंचायत से भी अपेक्षा की जा रही है कि वह वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता बनाए रखे और आवश्यक सेवाओं में बाधा न आने दे। विद्युत कंपनी के सहायक अभियंता एम.एफ. अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत द्वारा आंशिक भुगतान किए जाने और शेष राशि शीघ्र जमा करने के आश्वासन के आधार पर फिलहाल बिजली लाइनें पुनः जोड़ दी गई हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि पेयजल आपूर्ति जल्द बहाल हो सके।

# जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा का वार्षिक निर्वाचन 25 मार्च को

दमोह। जैन समाज के प्रतिष्ठित संगठन जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह के वार्षिक निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की गई। संगठन की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शाखा के नवीन कार्यकाल के लिए चुनाव दिनांक 25 मार्च को संपन्न कराए जाएंगे। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने हेतु वीर आनंद जैन, वीर राकेश जैन एवं वीर प्रमोद बड़कुल को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। तीनों निर्वाचन अधिकारी चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया का संचालन करेंगे तथा सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 22 मार्च को मतदाता सूची (Voter List) का प्रकाशन किया जाएगा, जिससे सभी सदस्य अपने नामों का अवलोकन कर सकेंगे तथा आवश्यक आपत्ति-दावा प्रस्तुत कर सकेंगे। निर्वाचन की समस्त प्रक्रिया होटल सिंघई रेसिडेंसी, दमोह में आयोजित की जाएगी, जहां निर्धारित समय पर मतदान एवं परिणाम घोषणा की कार्यवाही सम्पन्न होगी। शाखा के वरिष्ठ सदस्यों ने सभी मिलन वीर बंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संगठन की लोकतांत्रिक परंपरा को सुदृढ़ बनाएं तथा शांतिपूर्ण एवं गरिमामय चुनाव में सहभागिता करें। यह चुनाव जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह के आगामी कार्यकाल की दिशा तय करेगा, इसलिए समाज में इस निर्वाचन को लेकर विशेष उत्साह एवं सक्रियता देखी जा रही है।

# सिंग्रामपुर में 'मिट्टी का सपना' हुआ साकार, पर्यटन को लगे नए पंख



सिंग्रामपुर। बुंदेलखंड की सोंधी खुशबू अब पर्यटकों को अपनी ओर खींचेगी। ग्राम सिग्रामपुर में ग्रामीण पर्यटन की दिशा में एक नई शुरुआत हुई, जब पारंपरिक शैली में बने 'श्री कान्हा होम स्टे' (मड हाउस) का भव्य उद्घाटन किया गया। यह पहल गांव की मिट्टी, संस्कृति और आत्मनिर्भरता को एक साथ जोड़ने वाली साबित हो रही है। इस खास मौके पर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने फीता काटकर होम स्टे का शुभारंभ किया। उन्होंने मड हाउस की अवधारणा की सराहना करते हुए कहा कि "ऐसे प्रयास गांवों में रोजगार के नए रास्ते खोलते हैं और शहरों से आने वाले लोगों को असली भारत से जोड़ते हैं।"

### गांव की मिट्टी, अब बनेगी पहचान

'श्री कान्हा होम स्टे' पूरी तरह पारंपरिक तकनीक से तैयार किया गया है, जहां मिट्टी की दीवारें, प्राकृतिक ठंडक और ग्रामीण परिवेश पर्यटकों को सुकून का अहसास कराएंगे। यहां आने वाले मेहमानों को बुंदेलखंड की लोकसंस्कृति, पारंपरिक भोजन और आत्मीय आतिथ्य का अनोखा अनुभव मिलेगा। यह परियोजना मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड और मानव जीवन विकास समिति के संयुक्त प्रयासों से साकार हुई है। संस्था के सचिव निर्भय सिंह और प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रामप्रकाश पटैल के नेतृत्व में टीम ने इस पहल को जमीन पर उतारा। कार्यक्रम में रुपेश सेन (सांसद प्रतिनिधि), बंटी भैया (मंडल अध्यक्ष) सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### आत्मनिर्भर गांव की ओर कदम

यह होम स्टे केवल ठहरने की जगह नहीं, बल्कि ग्रामीणों के लिए रोजगार और पहचान का नया जरिया बनेगा। इससे स्थानीय युवाओं को काम मिलेगा, वहीं गांव की महिलाएं भी खान-पान और आतिथ्य से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। अब पर्यटन शहरों से निकलकर गांव की मिट्टी तक पहुंच रहा है, और सिग्रामपुर इस बदलाव की नई मिसाल बनकर उभर रहा है।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

पन्ना। उच्च न्यायालय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शरत चन्द्र सक्सेना द्वारा शुक्रवार को जिला जेल पन्ना का औचक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उन्होंने जेल किचिन में भोजन व्यवस्था, खाने और बंदियों के लिए उपयोग में लाए जा रहे अनाज की गुणवत्ता देखी। साथ ही पुरूष एवं महिला बैरक, जेल अस्पताल, व्हीसी कक्ष, कियोस्क एवं मुलाकात कक्ष व उद्यमिता कक्ष इत्यादि का भी पृथक-पृथक निरीक्षण कर स्वच्छता और हाईजीन के संबंध में सूक्ष्म जानकारी भी ली। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सक्सेना द्वारा निरीक्षण के दौरान पाकशाला में रोटियां रखने के लिए फाइबर पात्र व टोकरी की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के उपरांत सभी बंदियों से मुक्त चर्चा कर उनकी समस्याओं व प्रकरणों के बारे में जानकारी ली गई तथा समस्याओं के निराकरण के लिए जेल अधीक्षक जी.के. सिंह को निर्देशित किया गया।

# 47 मदिरा दुकानों के टेण्डर 22 मार्च तक

दमोह। जिला आबकारी अधिकारी दमोह ने बताया जिले के निष्पादन से शेष बचे 10 मदिरा समूहों (47 दुकानों) के समूहों का निष्पादन ऑनलाईन ई टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन द्वारा 22 मार्च 2026 को दोपहर 01:00 बजे से किया जायेगा। उन्होंने कहा इच्छुक आवेदक 22 मार्च 2026 को दोपहर 01 बजे तक अपने ऑफर ऑनलाईन सबमिट कर सकते हैं। टेण्डर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी जिला आबकारी कार्यालय दमोह से प्राप्त की जा सकती है।

# शराब दुकान हटाने शांति समिति सदस्यों ने कलेक्टर के नाम स्मरण पत्र सौंपा

### शांति समिति की बैठक आयोजित



हिण्डोरिया। नवरात्रि पर्व एवं ईद उल फितर पर्व को लेकर स्थानीय थाना परिसर में टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में शासन की मंशानुसार शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपस्थित सभी शांति समिति के सदस्यों ने नगर में सभी पर्व आपसी सद्भाव और शांति पूर्ण एवं परंपरागत ढंग से बनाने का निर्णय लिया। इस मौके पर शांति समिति के सभी सदस्यों ने नगर की आबादी के बीच के अलावा धार्मिक एवं शैक्षणिक, संस्थाओं के बीच स्थित देसी अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान को नगर से बाहर स्थापित करने का एक स्मरण पत्र कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर दमोह को सोपा। थाना प्रभारी श्री उपाध्याय ने सभी धर्म के लोगों से अपने अपने त्यौहार मिलजुल कर अमन शांति एवं आपसी सदभाव के साथ मनाने की अपील की। साथ ही शराब दुकान हटाने सम्बधी स्मरण पत्र को कलेक्टर तक पहुंचाने का समिति के उपस्थित सदस्यों को आश्वासन भी दिया। इस मौके पर नगर के अनेक गणमाने नागरिक एवं जन्म प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### मौसमी बदलाव ने गर्मी से दिलाई राहत, लेकिन किसानों की चिंता बढाई, फसलों को हुआ नुकसान

# बेमौसम बारिश में धुली किसानों की उम्मीद, कई जगह गिरे छोटे ओले





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बेमौसम बारिश ने किसानों की उम्मीदों को बुरी तरह से धो डाला है। जिले के कई गांवों में चना, गेहूं के खेतों में पानी भर गया है। किसानों की पूरी फसल तबाह हो गई है। किसानों ने शासन से मुआवजे की मांग की है। गुरुवार की शाम अचानक मौसम ने करवट ली और शुक्रवार को दिनभर आसमान पर बादल घिर रहे और शामबजे मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। हवा, तूफान, बारिश का सिलसिला करीब आठ बजे तक चलता रहा।

जिले के नरसिंहगढ़ के चंपत पिपरिया, कोपरा, हल्द्वानी, ढिक्सर, मडला, तेज बारिश के साथ ओलावृषटी हुई। गेहूं की फसल हुई चौपट होने की जानकारी सामने आ रही है। घटेरा बनवार क्षेत्र में तेज हवा के साथ बारिश एवम घटेरा में बेर के बराबर ओलावृष्टि हुई है।

बटियागढ़ ब्लाक के गांवो में ओलावृष्टि के बाद प्रशासन किसानों के बीच पँहुचा।देर शाम से रात तक लगातार निरीक्षण कर किसानों को दिया सर्वे और मदद का भरोसा। प्राप्त जानकारी के अनुसार फुटेरा कला, गढोलाखाड़े, बसिया, सैडारा, गंज बरखेड़ा, कबीरपुर, मंगोला, रुसनदो, सुनवाहा, बेलापुरवा, बेली, कनोरारामनगर उपरोक्त ग्रामों में ओलावृष्टि होने की सूचना प्राप्त हुई है। अधिकारियों का कहना है टीम गठित कर कल से सर्वे प्रारंभ कराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस साल बड़ी संख्या में किसानों ने चने की फसल लगाई है। इस बारिश से चने की फसल को काफी नुकसान हुआ है। हटा क्षेत्र के कई गांवों में फसल पूरी तरह से खराब हो गई है। किसान चाहकर भी फसल नहीं बचा सके जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की उम्मीद बताई जा रही है। वहीं तेज हवा के साथ हुई बारिश के प्रभाव से ठंडी हवा ने राहत दिलाई जिससे तापमान में 5 डिग्री की कमी आई है। होली के बाद शुरू हुई गर्मी के दौरान रोजाना अधिकतम तापमान औसतन एक डिग्री बढ़ रहा था। तेज गर्मी के प्रभाव से लोग बीमार होने लगे थे इस बीच क्षेत्र में हुई बारिश से मौसम में ठंडकता आ गई और सताने वाली तेज धूप से राहत मिल गई।

#### फसल की क्वालिटी खराब-

इस मौसम से चना लगाने वाले हर किसान को नुकसान हुआ है। जिन किसानों ने खेतों में करपा रखा हुआ है, उनकी फसल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। पानी से करपा भीग गया है। वहीं चने की खरही में भी पानी घुस गया है। इससे फसल की क्वालिटी खराब होने का खतरा है। बारिश से खड़ी फसल को भी काफी नुकसान हुआ है।

### तेज बारिश और तूफानी हवाओं से फसलों को भारी नुकसान, किसानों की बढ़ी चिंता



**जबेरा/बनवार।** जबेरा क्षेत्र में गुरुवार शाम और शुक्रवार सुबह अचानक बदले मौसम ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। जबेरा सहित बनवार और बम्होरी के आसपास के इलाकों में हुई तेज बारिश और तूफानी हवाओं ने खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। इस अप्रत्याशित मौसम पवर्तन से किसानों को बड़ा आर्थिक झटका लगा है। बताया जा रहा है कि बनवार-बम्होरी क्षेत्र में शाम करीब 6 बजे से तेज बारिश का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर तक जारी रहा। तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी फसलें जमीन पर गिर गईं, जिससे कटाई के करीब पहुंच चुकी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गईं। स्थानीय किसान अरुण बाजपेई ने बताया कि उनके सहित कई किसानों की फसलें तेज हवा और बारिश के चलते खेतों में ही बिछ गई हैं। उन्होंने कहा कि इस समय फसल कटाई के लिए तैयार थी, ऐसे में यह नुकसान बेहद निराशाजनक है। मौसम के लगातार खराब बने रहने से किसानों की चिंता और बढ़ गई है। आशंका जताई जा रही है कि यदि बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी रहा, तो बची हुई फसलें भी प्रभावित हो सकती हैं। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नुकसान का सर्वे कराया जाए और उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वे इस संकट से उबर सकें। फिलहाल किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए मौसम के साफ होने का इंतजार कर रहे हैं।

तेजगढ। जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तेजगढ ओर आस पास के गांव मै शाम से बेमौसम बारिश ने ऐसा कहर दिखाया , जिसने किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। गुरुवार रात शुरू हुआ तूफान, बिजली की कड़कड़ाहट और बारिश का सिलसिला दूसरे दिन भी जारी रही। शाम 7 बजे से तेज हवाओं और लगातार बारिश ने खेतों में खड़ी और कटी हुई फसलों को बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया है। जिसमे तेजगढ़, पतलौनी, करौंदी, पडरिया, माडनखेडा, सुनवाही, टपरिया, हर्रई, पटेरिया, समद ई, ररिया और परासई सहित कई गांवों में पानी बरसने से फसलों की हालात बेहद गंभीर बनी हुए हैं। किसानों का कहना है कि चना, मसूर और गेहूं जैसी तैयार खड़ी रबी फसलें तूफान की चपेट में आकर या तो जमीन पर बिछ गईं या पानी की बजह से दाना खराब होने की उम्मीद है। सबसे दर्दनाक स्थिति उन किसानों की है, जिनकी फसल कट चुकी थी और खेतों में ही पड़ी हे। तेज आंधी और तूफान के बीच वह अनाज खेतों से उड़ रहा हे, मानो किसानों की सालभर की मेहनत हवा में बिखर गई हो। कई किसानों की आंखों में आंसू हैं, और उनके पास शब्द नहीं, सिर्फ टूटे हुए सपने हैं।

## रानी अवंतीबाई जी का अदम्य साहस और मातृभूमि के लिए समर्पित जीवन हमारे लिये प्रेरणा स्त्रोत -राज्यमंत्री

### रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर नोहटा परिसर में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी ने देश, समाज और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, जो हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। आज आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं। इस आशय की बात प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने उप तहसील नोहटा परिसर में आयोजित रानी अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस पर कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा समाज की उन्नति तभी संभव है जब हम कुरीतियों नशा और अनावश्यक परंपराओं के खिलाफ आवाज उठाएं। नशा न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे समाज को खोखला कर देता है, इसलिए हमें नशा-मुक्त समाज बनाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा रानी अवंतीबाई लोधी जी का अदम्य साहस और मातृभूमि के लिए समर्पित जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं, उनका जीवन हर भारतीय को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता हैं। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा रानी अवंती बाई का साहस और पराक्रम हमें यह सिखाता है कि कठिन से कठिन समय में भी अन्याय के खिलाफ डटकर खड़ा होना चाहिए। आइए, हम सभी मिलकर संकल्प लें कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज को आगे बढ़ाएंगे और एक सशक्त, जागरूक और समृद्ध समाज का निर्माण करेंगे। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा जबेरा विकसित भी होगा शिक्षित भी होगा। इसके लिए सतेंद्र भैया निशुल्क कोचिंग चला रहे हैं यह कार्य हमें निश्चित ही गौरान्वित करता हैं। आज जिन बच्चों का सम्मान हुआ हैं। भाव सिंह लोधी जी के मार्गदर्शन में समाज आगे बढ़ रहा हैं। यह मंच किसी एक जाति का मंच नही हैं यह सर्व जातियों का मंच हैं। समाज के लोगो को खेती के अलावा भी अपना व्यवसाय करने की चिंता करना चाहिए, आवश्यकता ओर जरूरतें बढ़ गई हैं। राज्यपिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा आज जो इधर हम ये नज़ारा देख रहे हैं, उसके पीछे कितनी शहादत, कितने लोगों की शहादत छिपी हुई है, जिसके कारण यह परिणाम हमें मिला है। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी ने महिलाओं को ऐसी प्रेरणा दी है, जिसका स्वरूप आज हमें हर मंच पर दिखाई देता है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति राजू ठाकुर ने भी अपनी बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य ऋषि भैया, भाव सिंह लोधी (मासाब), सतेन्द्र सिंह लोधी, रूपेश सेन, पूर्व सांसद चन्द्रभान सिंह लोधी सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम में कृष्णा भाव फाउंडेसन द्वारा चलाये जा रहे कोचिंग संस्थान से तेंदूखेड़ा और जबेरा क्षेत्र के 8 बालक बालिकाओं का नवोदय विद्यालय में कक्षा 06 में प्रवेश होने पर सम्मानित किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बलिदान दिवस पर यात्रा निकाली गई। यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में रानी अवंती बाई लोधी जी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जनप्रतिनिधियों ने परिसर में वीरागंना रानी अबंती बाई लोधी के जीवन चरित्र पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया।

## वर्ष प्रतिपदा एवं प्रकट उत्सव कार्यक्रम संपन्न

**दमोह।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पलंदी उपनगर द्वारा वर्ष प्रतिपदा एवं प्रकट उत्सव कार्यक्रम गुरुवार को स्थानीय कानेटकर भवन में उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आद्य सरसंघचालक परम पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं "आद्य सरसंघचालक प्रणाम" के साथ हुआ। इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में अनुशासनबद्ध उपस्थिति दर्ज कराई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वर्ष प्रतिपदा के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डाला तथा डॉ. हेडगेवार जी के जीवन एवं उनके राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को स्मरण किया। उन्होंने समाज में संगठन, संस्कार एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित स्वयंसेवकों एवं नागरिकों ने नववर्ष के आगमन पर एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन संघ प्रार्थना के साथ हुआ। कार्यक्रम में पलंदी उपनगर के अनेक स्वयंसेवक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पांच वर्षीय मासूम की तालाब में डूबने से मौत

**बनवार।** जबेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पटीमहराज सींग के ग्राम जमुनिया में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक हादसे में पांच वर्षीय मासूम की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हार्दिक अहिरवाल (5 वर्ष), पिता राकेश अहिरवाल, शुक्रवार शाम करीब 4 बजे गांव के अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। खेलते-खेलते वह पास स्थित तलैया की ओर पहुंच गया। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान शाम करीब 4:30 बजे गांव के तालाब में बालक डूबा हुआ मिला। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उसे तत्काल बाहर निकाला गया और मोटरसाइकिल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा ले जाया गया। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद बालक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जबेरा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने की अपील की है।

## द्वादश ज्योर्तिलिंगम के दर्शन हेतु पधारे सासंद एवं राज्यमत्री



**दमोह।** दिनांक 20.03.2026 दिन शुकवार को रानी अवंतीबाई के वलिदान दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जटाशंकर तीर्थ धाम दमोह में स्थित वारह ज्योर्तिलिंगम के दर्शन हेतु पधारे राहुल सिंह सासंद भारत सरकार, संस्था में आये एवं उन्हौने वारह ज्योर्तिलिंगम भगवान शिव के दर्शन किये पूजन एवं आरती की व भोलेनाथ से आर्शीवाद प्राप्त किया एवं प्रसंशा करते हुए कहा कि यह स्थापना दमोह क्षेत्र के लिए अनुपम है। लखन पटैल मत्री स्वतंत्र प्रभार पशु-पालन मध्यप्रदेश शासन ने भी दर्शन पूजन एवं आरती की एवं कहा द्वादश ज्योर्तिलिंगम अति प्रसंशनीय है, विल्कुल हू-बहू वेसे ही स्थापना है, जैसी तीर्थ स्थानो में है, वे अत्यंत खुशी का अनुभव कर रहे थे। श्याम शिवहरे अध्यक्ष जिला भारतीय जनता पार्टी नें भी दर्शन पूजन आरती की एवं आर्शीवाद प्राप्त करते हुए कहा कि यह स्थापना वारह ज्योर्तिलिंगम कि तर्ज पर हुई है, मूर्तियां बहुत आकर्षक है, वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र दुबे ने भी भोलेनाथ की आरती की एवं आर्शीवाद प्राप्त करते हुए कहा कि यह बहुत अद्भुत स्थापना है, जो दमोह जिले के भक्तो के लिए वहुत बड़ी उपलब्धी है। जिला पंचायत अध्यक्ष दमोह रंजीता गौरव पटेल ने भी दर्शन लाभ वड़े उत्साह के साथ लिया एवं आरती की लोधी समाज के अध्यक्ष ने भी दर्शन लाभ लिया। साथ ही साथ सैकड़ो जिज्ञासुयों ने भी दर्शन लाभलिया एवं वीडियो फोटो लिए एवं भविष्य में दर्शन लाभ के लिए आशान्वित है।

### महज 2 किलोमीटर सड़क नहीं बन पा रही, राहगीरों को रोज हो रही भारी परेशानी

# खस्ताहाल स्टेट हाईवे बना हादसों का कारण, गड्ढों से भरी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे की जर्जर हालत अब राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। महज 2 किलोमीटर का सड़क मार्ग वर्षों से मरम्मत की बाट जोह रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। बताया जा रहा है कि सतघटिया, धबालेन से लेकर ग्राम गुबरा होते हुए जमुनिया तक सड़क पूरी तरह से खस्ताहाल हो चुकी है। खासतौर पर धबालेन-सतघटिया के बीच का मार्ग अब "एक्सीडेंटल पॉइंट" के रूप में कुख्यात होता जा रहा है। यहां सड़क पर बने गहरे और चौड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को लगातार बढ़ा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क पर इतने बड़े गड्ढे हो गए हैं कि कई बार वाहन चालकों को यह समझ ही नहीं आता कि सड़क कहां है और गड्ढा कहां। खासकर रात के समय जब सामने से आने वाले वाहनों की तेज लाइट पड़ती है, तब स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। वाहन चालक गड्ढों का अनुमान नहीं लगा पाते और अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। कई मामलों में वाहन सड़क से उतरकर जंगल की ओर चले जाते हैं और पेड़ों से टकरा जाते हैं। इसी तरह ग्राम गुबरा से जमुनिया के बीच लगभग एक किलोमीटर का हिस्सा पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। यहां गड्ढों की गहराई इतनी ज्यादा है कि भारी वाहनों के पहिए तक उनमें समा जाते हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। आए दिन बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद सड़क सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा।

सिंग्रामपुर निवासी सुनील, रवि, विशाल और निकिल ने बताया कि जबेरा-सिंग्रामपुर के जंगल क्षेत्र में धबालेन के पास सड़क की हालत लंबे समय से खराब है। रोजाना छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक अमला पूरी तरह से उदासीन बना हुआ है।

सबसे हैरानी की बात यह है कि इस मार्ग से क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, विधायक और मंत्री भी गुजरते हैं, इसके बावजूद सड़क की स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। इससे आम जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द इस सड़क का मरम्मत और पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि आए दिन हो रहे हादसों पर रोक लग सके और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

#### निष्कर्ष:

महज 2 किलोमीटर की सड़क का निर्माण या मरम्मत न हो पाना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। यदि जल्द ही इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह मार्ग और अधिक खतरनाक साबित हो सकता है तथा बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## जंगली जानवर के दिखने से गांव में रही दहशत, बकरियों को बनाया अपना शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद



पिछले एक सप्ताह से ग्राम गैसाबाद के खेतों में एक जंगली जानवर के देखे जाने से ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल बना हुआ है, प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम के मुस्लिम मोहल्ला मस्जिद के पीछे ग्राम के लोगों को कुछ दिनों से एक जंगली जानवर दिखाई दे रहा है जिसने विगत दिनों ग्राम के निवासी यूनुस खान की चार बकरियों को अपना शिकार बनाया था। यूनुस खान ने हरिभूमि को बताया कि मस्जिद के पीछे एक खुले कमरे में मेरी बकरियां बंधी हुई थी। तभी रात्रि में किसी जंगली जानवर ने उन पर हमला करके उनका शिकार कर लिया। जंगली जानवर के हमले से मेरी चार बकरियों की मौत हो गई। उक्त घटना की सूचना 15 मार्च 2026 की सुबह यूनुस खान द्वारा पुलिस थाना में भी दी गई थी जिसके बाद हटा से फॉरेस्ट विभाग एवं पशु औषधालय के कर्मचारियों ने ग्राम में पहुंच कर घटनास्थल की। जांच पड़ताल कर मृत बकरियों के सैंपल लेकर पोस्टमार्टम के लिए लैब में भेजे गए थे जांच के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट आनी अभी बाकी है। जंगली जानवर की दहशत से लोगों में डर का वातावरण बना हुआ है। इस विषय पर जब पशु चिकित्सक ऐवीएफ आत्माराम मिश्रा से हरिभूमि संवाददाता ने दूरभाष पर बात की तो उन्होंने बताया की बकरियों के गले पर किसी जंगली जानवर द्वारा किए गए हमले के निशान पाए गए हैं, वही वन विभाग के कर्मचारी वनपाल विपिन चौरसिया का कहना है कि उक्त जानवर कैमरा में भी साफ दिखाई नहीं दे रहा है शायद वह जानवर वन बिलार हो सकता है, जिसे हयाना भी कहते हैं, जंगली जानवर को पकड़ने के लिए आज वन विभाग हटा द्वारा मस्जिद के पीछे खेतों में पिंजरा भी रखा गया है।

## टी ई टी परीक्षा निरस्त कराने की माँग



**दमोह।** टी ई टी परीक्षा निरस्त कराने की माँग को लेकर सांसदों, विधायकों, तक अपनी बात को पहुंचाने के अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 20 मार्च 2026 को आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने दमोह लोकसभा सांसद राहुल सिंह को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे माननीय सांसद महोदय से अनुरोध किया गया है कि 20 से 30 वर्षों से कार्यरत शिक्षकों में उक्त परीक्षा को अत्यधिक मानसिक पीड़ा है और वे अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। अतः आप केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हमारी इस पीड़ा से अवगत कराने का कष्ट करें साथ ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने हेतु मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री जी से भी अनुरोध करने का कष्ट करें। जिसपर सांसद महोदय ने कहा कि शिक्षकों को किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं, सभी संभावित आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। ज्ञापन देने वालों में आजाद अध्यापक शिक्षक ज्ञापन देने वालों में कार्यकारी जिला अध्यक्ष अभय भट्ट, जिला संयोजक ताहिर खान, जिला महिला प्रमुख श्रीमती रीता मारिया, जिला प्रवक्ता विपिन चैबे, दमोह ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र चैबे, श्रीमती नीलू श्रीवास्तव, श्रीमती संगीता मिश्रा, विजय असाटी, नितिन सोनी अमरचंद जैन शायद सभी जागरुक साथियों की उपस्थिति में दमोह सांसद राहुल सिंह जी को ज्ञापन सौपा।

## कांग्रेस की जिला कार्यकारणी घोषित

**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के अनुमोदन उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल की अनुशंसा पर नवीन युवा कार्यकारिणी का गठन किया गया जो निम्नानुसार है जिसमें जिले की चारो विधानसभा के सक्रिय युवाओं को समाहित किया गया है। जिसमें मानक पटेल जिला अध्यक्ष, एड. नितिन मिश्रा जिला संगठन महामंत्री, विजय बहादुर सिंह ठाकुर कोषाध्यक्ष, मंजू वीरेन्द्र राय, गोविन्द तिवारी, परम यादव, आलोक वर्धन तिवारी, साहिद नूर, भरत श्रीवास्तव, प्रदीप पटेल, निधि श्रीवास्तव, राजा राय, राज किशोर चौहान आदि उपाध्यक्ष के पद पर, सुषमा विक्रम सिंह ठाकुर, शैलेन्द्र खटीक, घनश्याम यादव, जीशान पठान, दिनेश रैकवार, बसंत कुशवाहा, बालमुकुंद टिकरिया, राव लाखन सिंह लोधी, धमेन्द्र जैन पटेरा, अखिलेश सोनी, कंछेदी पटेल, राजेश तिवारी, संजय तिवारी, राजेश राय, मुकेश रोहितास आदि महामंत्री के पद पर, उमेद गौरी, रामचरण गुप्ता, पवन यादव, रामनाथ राय, तेजी यादव, संजय सेठ, केके. वर्मा, कृष्णा यादव, विनोद पटैल,, राजा मुकेश सिह आदिवासी, बलराम पटेल, वकील कुरैशी, योगेश पटैल, हरेन्द्र सिंह ठाकुर, बृजेश पटैल, अभिषेक जैन, नीतेश सिंह ठाकुर, राकेश सिंह लंबरदार, कृष्ण गोपाल उपाध्याय, नाना देशमुख आदि सचिव, एड. दीपक श्रीवास्तव प्रवक्ता, रजनी ठाकुर प्रवक्ता, प्रफुल्ल श्रीवास्तव मीडिया अध्यक्ष, शानु जुनेजा, प्रभु पटेल सोशल मीडिया अध्यक्ष पद पर नवीन युवा कार्यकारणी घोषित हुई।